# देश के हर राज्य का कृषि रोडमैप बनेगा : शिवराज

नवभारत न्यूज




**ग्वालियर 26 अगस्त.** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ खेती की लागत घटाने व कृषि उत्पादकता बढ़ाने का काम कर रही है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा इस उद्देश्य की

**64वी अखिल भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान कार्यकर्ता गोष्ठी में शामिल हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री**

पूर्ति के लिये फसलवार किसानों, कृषि वैज्ञानिकों व कृषि उद्यमियों से साझा चर्चा कर देश के हर राज्य का कृषि रोडमैप तैयार कराया जायेगा।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित हो रही तीन दिवसीय 64वी अखिल भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान कार्यकर्ता गोष्ठी के दूसरे दिन कृषि वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों, कृषि उद्यमियों एवं कृषि विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के किसान कल्याण व कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना भी मंचासीन थे।

इस कृषक गोष्ठी में देश के 12 राज्यों से आए कृषि वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी एवं कृषि विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। गोष्ठी के दूसरे दिन आयोजित हुए कार्यक्रम में भारत सरकार के कृषि अनुसंधान एवं महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद प्रो. एम एल जाट, अपर सचिव प्रमोद कुमार, उप महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन) डॉ. ए. के. नायक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशक श्री रतन तिवारी, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला और कृषि विश्वविद्यालय हिसार हरियाणा के कुलपति डॉ. बी आर कम्बोज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मंचासीन थे।

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कृषि गोष्ठी में मौजूद कृषि वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वे कृषि उत्पादकता बढ़ाने व खेती की लागत घटाने के लिये फसल विविधीकरण व एकीकृत खेती को बढ़ावा दें।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा गेहूँ व जौ सहित अन्य फसलों की विकसित किस्म तैयार करने वाले किसानों व संस्थाओं को मानपट्टिकाएं देकर सम्मानित किया। साथ ही उत्कृष्ट परीक्षण एवं रिपोर्टिंग के लिये सर्वश्रेष्ठ एआईसीआरपी केंद्र पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर उन्नत कृषि पर केन्द्रित पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया गया।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान एवं प्रदेश के कृषि मंत्री श्री कंषाना ने आरंभ में कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में च्एक पेड़ माँ के नामज्ज अभियान के तहत पौधा भी रोपा।

**किसानों को जैविक खेती के लिये प्रोत्साहित करें-कंषाना-** प्रदेश के कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा खुशी की बात है कि सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की बदौलत मध्यप्रदेश सात बार कृषि कर्मण अवार्ड से सम्मानित हो चुका है। उन्होंने उत्पादन बढ़ने के लिये किसानों व कृषि वैज्ञानिकों को बधाई दी। साथ ही रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध इस्तेमाल से सामने आ रहे दुष्परिणामों के प्रति चिंता जाहिर करते हुए कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि वे किसानों को जैविक खेती के लिये प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा किसान खुशहाल होंगे तो देश भी खुशहाल होगा।

**प्रगतिशील किसानों व एफपीओ के प्रतिनिधियों ने सफलता के अनुभव साझा किए** -देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रगतिशील किसानों ने इस अवसर पर अपनी सफलता के अनुभव साझा किए। इन किसानों में संरक्षित खेती कर रहे कृषक श्री विकास ने बताया कि वह 28 क्विंटल तक प्रति एकड़ गेहूँ का उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। अलीराजपुर मध्यप्रदेश से आए कृषक श्री युवराज सिंह ने बताया कि उन्होंने 6 हजार आम के पेड़ लगाए हैं, इनसे वर्ष 2025 में उन्हें 20 लाख रूपए की आमदनी हुई है। इस खेती से उनकी आय 10 गुना बढ़ी है। इसी तरह पटियाला पंजाब से आए कृषक गुरमीत सिंह का कहना था कि उन्होंने पराली जलाने से तौबा कर ली है। उत्पादन भी बढ़कर 34 क्विंटल प्रति एकड़ हो गया है

# पूर्व मंत्री के सरकारी बंगले में चोरों का धावा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अगस्त.** शहर में सक्रिय चोरों में पुलिस का बिल्कुल खौफ नहीं है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब वह विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्तियों को भी नहीं बख्स रहे हैं। आलम यह है कि मप्र शासन के पूर्व मंत्री के

**चांदी की मूर्ति सहित गैस सिलेंडर व बर्तन चोरी कर ले गए चोर**

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना, ताला तोड़कर मकान के भीतर दाखिल हुए और घर में जांच में जुटी पुलिस**



सरकारी बंगले में अज्ञात चोर धावा बोलकर चांदी की मूर्ति सहित गैस सिलेंडर व बर्तन पार कर ले गए। घटना पड़ाव थाना क्षेत्र की है। जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मप्र शासन में सहकारिता मंत्री रह चुके डॉ. अरविंद भदौरिया के नाम पर रेसकोर्स रोड पर 35 नंबर सरकारी बंगला आवंटित है। जिसकी देखभाल महाराजपुरा निवासी हंसराज भदौरिया द्वारा की जाती है। बीती 12 अगस्त को हंसराज उक्त बंगले में ताला डालकर शहर से बाहर चला गया था। विगत शाम वापस लौटा, तो बंगले का पूरा सामान बिखरा हुआ था। जब हंसराज ने सामान चेक किया, तो बंगले में रखे 15 एल्युमीनियम के भगोने, दो लोहे की बड़ी कढ़ाई, दो गैस सिलेण्डर, 50 स्टील की थाली, दो चांदी की छोटी मूर्ती, नल की टोंटी व कुर्सियां आदि गायब थीं। इस पर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

पूर्व मंत्री के बंगले में चोरी की सूचना पाते ही पुलिस अफसर तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा घटनास्थल का मुआयना करने के उपरांत अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## घर जा रहे युवक को कार ने मारी सामने से टक्कर, मौत

ग्वालियर। मजदूरी का काम समाप्त करके वापस अपने घर जा रहा युवक हादसे का शिकार हो गया। लापरवाह कार चालक ने तेजी से वाहन चलाते हुए युवक की बाइक में सामने से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग निकला। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव में सरपंच ईंट भट्टा मोड़ के पास हुई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। संदीप माहौर 26 वर्ष पुत्र पातीराम माहौर निवासी ग्राम गिरेना मजदूरी का काम करता है। बीते रोज संदीप ने काम खत्म किया और मोटर साइकिल से भटपुरा के पास हुआ हादसा, मजदूरी करता था युवक अपने घर के लिए चल दिया। शाम 6 बजे के करीब संदीप भटपुरा गांव होते हुए सरपंच ईंट भट्टा वाले मोड़ पर पहुंचा था कि सामने से आ रही कार नम्बर एमपी 07-सीसी-5655 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए संदीप की बाइक में सामने की तरफ से टक्कर मार दी। कार की टक्कर से संदीप उछलकर सड़क पर जा गिरा। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी, जिससे नाक व मुंह से खून निकलने लगा। हादसे की सूचना संदीप के परिजनों को लगी तो वह तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और घायल संदीप को जिला अस्पताल लेकर गए। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने संदीप की नब्ज पर हाथ रखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।



## खाटू श्याम मंदिर राधा की हवेली का वार्षिकोत्सव 28 से, विभिन्न आयोजन होंगे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अगस्त.** खाटू श्याम मंदिर राधा की हवेली बाई साहब की परेड पर मंदिर का 14वां वार्षिक महोत्सव विभिन्न आयोजनों के साथ मनेगा। इस मौके पर श्याम बाबा की रथयात्रा भी निकाली जायेगी। महोत्सव में भारी संख्या में श्याम प्रेमियों की उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी मंगलवार को खाटू श्याम मंदिर के मुख्य भक्त राजू रैनवाल व श्याम सरकार उत्सव समिति के गोपाल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पत्रकारवार्ता में दी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुये राजू रैनवाल और गोपाल अग्रवाल ने बताया कि 28 अगस्त से 4 सितंबर तक वार्षिक महोत्सव मनेगा। इसकी शोभायात्रा 28 अगस्त को प्रात: 9.30 बजे रोकडिया हनुमान मंदिर से शुरू होगी। इसमें बाबा भोलेनाथ की पालकी भी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। शोभायात्रा सराफा बाजार, पाटनकर बाजार, दौलतगंज, महाराजबाड़ा, माधवगंज, स्काउट से बाड़ा, जनकगंज, हनुमान चैराहा होते हुये लक्ष्मीगंज से मंदिर स्थल पर पहुंचेगी। यात्रा का जगह जगह श्याम प्रेमी स्वागत भी करेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव में 29 अगस्त से शिवपुराण कथा का वाचन वृंदावन से पंडितसतीश कौशिक महाराज द्वारा किया जायेगा। कथा के लिये सुबह 9 बजे कलथ यात्रा भी निकलेगी। इस दौरान मंदिर परिसर में एक निशुल्क ज्योतिष शिविर नवग्रह कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य पंडित पंकज कृष्ण शास्त्री द्वारा 2 अगस्त तक किया जायेगा।

# 6 साल में जर्जर हो गई आदर्श आंगनबाड़ी की इमारत

रविन्द्र सिंह चौहान




**गंदगी के बीच पढ़ाई करते नॉनिहालों को बना रहता है मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा**

**ग्वालियर 26 अगस्त.** उप नगर ग्वालियर के वार्ड क्रमांक 16 में बाल शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ 28 अगस्त 2019 को प्रदेश की तत्कालीन महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी, मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर और क्षेत्रीय पार्षद राजकुमारी भारती की मौजूदगी में हुआ था। छह साल बाद ही इस बिल्डिंग की छत और दीवारें जर्जर हालत में हो गई हैं। आंगनबाड़ी की बिल्डिंग के चारों तरफ बारिश का पानी भरा रहता है। पानी का निकास न होने के कारण पूरी बिल्डिंग में सीलन आ गई है और गोबर, कचरे से इतनी गंदगी हो रही है कि यहां आने बाले नौनिहालों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। गंदगी से पनप रहे मच्छरों से बच्चों को इनसे फैलने बाली बीमारियों का खतरा बना रहता है।

### कब खुलती है आंगनबाड़ी

आदर्श आंगनबाड़ी के खुलने का समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक है। यहां दो लोगों की नियुक्ति है। सुनीता विरवैया (कार्यकर्ता) और चंचल खडेरिया (सहायक) है। यहां मौजूद स्टाफ ने बताया कि यहां रजिस्टर में 30 बच्चों की संख्या दर्ज है पर हर रोज 10 से 12 बच्चे आते हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल, डांसिंग, पी.टी. जैसी कई एक्टिविटी सिखाई जातीं है।



### 19 हजार की भर्ती होना है, अकेले ग्वालियर से आ गए 28 हजार आवेदन

महिला एवं बाल विकास विभाग ने पिछले महीने आंगनवाड़ी केंद्रों पर मानव संसाधन की कमी दूर करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के 19000 से ज्यादा पदों पर भर्ती निकाली थी। ग्वालियर संभाग के 28 हजार 413 आवेदनों में सहायिका के 22 हज़ार 73 और कार्यकर्ताओं के 6 हज़ार 340 आवेदन प्राप्त हुए थे। खास बात यह कि इस भर्ती प्रक्रिया में धांधली रोकने के लिए ऑफलाईन के बजाए ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई गई।

### ग्वालियर-चंबल को 103 नए आंगनवाडी केन्द्रों की सौगात

ग्वालियर जिले के सहरिया जनजाति बहुल क्षेत्रों में मंजूर हुए पाँच नए आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित ग्वालियर - चंबल संभाग को बीते साल कुल 103 आंगनबाड़ी केन्द्रों की सौगात मिली थी। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) कार्यक्रम के तहत भारत सरकार ने इन आंगनबाड़ी केन्द्रों को स्वीकृति दी। प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजातियों में सहरिया जनजाति शामिल है। सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत विशेष जनजाति क्षेत्र (पीवीजीटी) क्षेत्र में केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रदेश में कुल मिलाकर 194 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति दी गई है। इनमें ग्वालियर-चंबल संभाग के 103 आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल हैं। प्रशासन का दावा है कि इन नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र खुलने से विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों के बच्चों को आंगनवाड़ी के माध्यम से उचित पालन-पोषण में सहायता मिलने की उम्मीद है। ग्वालियर संभाग में पीएम जनमन के तहत ग्वालियर जिले में 5 आंगनबाड़ी केन्द्र, शिवपुरी में 34, अशोकनगर में 10, गुना में 14 व दतिया में 4 आंगनबाड़ी केन्द्र भारत सरकार ने मंजूर किए। इसी प्रकार चंबल संभाग के मुरैना जिले में 2, श्योपुर में 33 व भिण्ड में 1 आंगनबाड़ी केन्द्र मंजूर किए गए थे।

### इनका कहना है



यहां बच्चों को मंगलबार को पूड़ी आलू की सब्जी, खीर आदि भोजन दिया जाता है। इसी क्रम में किसी दिन दलिया, दाल, चावल जैसे पौष्टिक आहार बच्चों को दिए जाते हैं।

**सुनीता विरवैया, कार्यकर्ता, आदर्श आंगनबाड़ी**



यहां बारिश का पानी भरा रहता है। इसका कहीं निकास नहीं है। इसलिए कीचड़ इतनी रहती है कि आंगनबाड़ी में आने बाले बच्चे कई बार तो फिसल कर गिर जाते हैं। क्षेत्रीय पार्षद की यह जिम्मेदारी है कि यहां साफ सफाई करवा कर पक्का रास्ता बनवा दिया जाए।

**वेदपाल सिंह भदौरिया, क्षेत्रवासी**

## भारतीय संस्कृति को बिग बॉस में उभार रहीं ग्वालियर की बेटी तान्या

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 26 अगस्त.** सलमान खान के चर्चित रियलिटी शों बिग बॉस 19 का आगाज हो चुका है, एक से बढ़कर एक कंटेस्टेंट शो में एंट्री ले चुके हैं। इन्हीं कंटेस्टेंट में से एक है ग्वालियर की होनहार बेटी तान्या मित्तल। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बिजनेस वुमन मॉडल और मोटिवेशनल स्पीकर तान्या मिस एशिया टूरिज्म यूनिवर्स का ताज भी पहन चुकी तान्या बिग बॉस में भारतीय संस्कृति को अपने साथ लेकर

**करोड़पति बिजनेस वुमन तान्या की एंट्री पर उत्साहित लोग**

पहुंची हैं। अन्य कंटेस्टेंट से तान्या का सफर सबसे अलग और अनोखा है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होने से कहीं ज्यादा तान्या कई फील्ड में एक्टिव हैं और लाखों लोगों की प्रेरणा हैं। सिर्फ 500 रुपये से अपना बिजनेस शुरू करने से लेकर एक इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट जीतने और लाखों लोगों के लिए एक मोटिवेशनल आवाज बनने तक, उनकी कहानी पहले से ही किसी रियलिटी शो जैसी लगती है। उनकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि उन्होंने भारत की संस्कृति को अपनाया। निश्चित रूप से इससे ग्वालियर का मान सम्मान बढा हैं।

**शहर में जन्मी तान्या ने किया संघर्ष, आज दे रही हैं प्रेरणा**

तान्या मित्तल का जन्म 27 सितंबर, 2000 को ग्वालियर में हुआ। वो आज जो हैं ऐसी शुरुआत में नही थी, शुरुआती दिनों में उनकी जिंदगी आसान नहीं थी, वह कटे होंठ के साथ पैदा हुई थी एक ऐसी बीमारी जिसके



लिए बचपन में कई बार सर्जरी करवानी पड़ी। स्कूल भी उनके लिए एक और चैलेंज था। लेकिन हिम्मत तोड़ने देने के बजाय तान्या ने अपना हौसला ऊंचा ही रखा। आज वही तान्या मित्तल अपने चैनल पर मोटिवेशनल स्पीच देती हैं जिनमें अक्सर कठिनाइयों पर विजय पाने और सपनों को साकार करने के अपने अनुभव शेयर करती हैं।

**करोड़पति बिजनेस वुमन तान्या ने 500 रुपये से की थी शुरूआत-** अपनी दम पर करोड़ों रुपए का बिजनेस खड़ा करने वाली तान्या ने 19 साल की उम्र में मात्र 500 रूपये के मामूली इन्वेस्टमेंट से बिजनेस फील्ड में कदम रखा था और उन्होंने हैंडमेड लव नाम के एक ब्रैंड की स्थापना की, जिसकी शुरुआत हैंडबैग के सामान के साथ हुई। आज ब्रांड के हजारों फॉलोअर्स हैं उनके सफर में सबसे खास बात यह है कि उन्होंने अलग-अलग फील्ड फैशन, बिजनेस और कंटेंट क्रिएटर के बीच गजब का बैलेंस बनाया।

**सौंदर्य प्रतियोगिता जीती, बन गई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर-** तान्या ने 2018 में सौंदर्य प्रतियोगिता की दुनिया में कदम रखा और मिस एशिया टूरिज्म यूनिवर्स का ताज जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम गौरवान्वित किया। फिर उन्होंने अपने कम सोशल मीडिया की तरफ बढ़ाए धीरे-धीरे उनकी लोकप्रियता बढ़ने लगी आज तान्या के 18 लाख इंस्टाग्राम फॉलोअर्स, यूट्यूब सब्सक्राइबर बेस और फेसबुक पर स्ट्रांग प्रेजेंटेशन के साथ दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना ली है।

**शहर के युवाओं ने जताई खुशी**



बिग बॉस मेरा शुरुआत से ही पसंदीदा सो रहा है लेकिन इस बार तान्या के बिग बॉस में पहुंचने से खुशी दुगनी हो गई है मैं इसका एक भी एपिसोड मिस नहीं करूंगी।

**योगिता सारस्वत**



तान्या को सोशल मीडिया पर मैं देखती रहती हूं वह जिस तरह के कपड़े पहनती हैं उससे भारतीय संस्कृति की महानता झलकती है उन्होंने अपने मूल्य नहीं छोड़े मुझे उनकी यह खूबी बहुत पसंद है। निश्चित तौर पर बिग बॉस में उनकी पहुँचने से मुझे ही नहीं पूरे शहर में उत्साह है।

**वंशिका भारद्वाज**



तान्या बिग बॉस में पहुंचने से पहले ही सोशल मीडिया पर काफी पसंद की जाती रही हैं बिग बॉस उनकी उपलब्धियां में और चार चांद लगाएगा। क्योंकि वह ग्वालियर की है इसलिए उन्हें टीवी पर देखना अच्छा लगा।

**सुभी शर्मा**




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95